



स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाए
सामाजिक न्याय संघ
छत्तीसगढ़ राज्य

# जेएसपीएल में हुये हादसे में कम्पनी प्रबंधन एवं सुरक्षाधिकारी पर मामला दर्ज

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** 12अगस्त को पतारापाली जे.एस.पी.एल. के डीआरआई 2 संयत्र के किचन नम्बर 7 का निरीक्षण के दौरान सुबह करीब 09:00 बजे अचानक डस्ट सेटलिंग चेम्बर का डस्ट गिरा जिसके कारण गर्म डस्ट एवं भाप चेम्बर से बाहर निकलकर फिटर घनश्याम चौहान 35 वर्ष निवासी धांगरडिपा रायगढ़ एवं लेबर आशाराम केंवट उम्र 45 वर्ष हाल मुकाम किरोडीमल नगर के चेहराए शरीर को झुलसा दिया । आहतों को फोर्टिस ओ0पी0 जिंदल अस्पताल में प्राथमिक उपचार पश्चात ईलाज हेतु सेल हास्पिटल सेक्टर 09 भिलाई भेजा गया । घटना के संबंध में सहायक प्रबंधक हेमंत वर्मा जन सम्पर्क जे0एस0पी0एल0 पतरापाली के द्वारा लिखित सूचना घटना दिनांक को थाना कोतरारोड़ में दिया गया । घटना की सूचना मिलते ही निरीक्षक सुषमा चेलक, ए0एस0आई0 पाणीग्राही, प्र0आर0 जयलाल जायसवाल के घटना स्थल का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित जिंदल के कर्मचारियों से पूछताछ कर जांच किया गया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी कोतरारोड़ द्वारा कारखाना प्रबंधन से जानकारी चाहा गया था जिसकी जानकारी प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। अब तक की जांच घटना स्थल निरीक्षणए पूछताछए घायलों को आयी गंभीर चोट एवं परिस्थितियों के आधार पर कारखाना प्रबंधन एवं सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा दिनांक घटना को समुचित सुरक्षा उपकरण आहत व्यक्तियों को मुहैया कराने में उपेक्षा एवं लापरवाही बरतना पाये जाने पर कारखाना प्रबंधन एवं सुरक्षा अधिकारियों के विरूद्ध धारा 287, 338 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री साय करेंगे आज ध्वजारोहण

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर मंत्री श्री साय संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। मंत्री श्री साय द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के संदेश का वाचन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य एवं गरिमामय ढंग से मनाने की तैयारी की गई है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# शालाओं का अकादमिक निरीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण 16 को

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शालाओं का अकादमिक निरीक्षण 16 से 31 अगस्त तक किया जाएगा। इस संबंध में जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के निरीक्षणकर्ता अधिकारियों का प्रशिक्षण 16 अगस्त को दोपहर 12 बजे सृजन सभाकक्ष में किया जाएगा।

# महिला स्व.सहायता समूह से रेडी टू ईट के निर्माण, वितरण हेतु अभिरूचि के प्रस्ताव आमंत्रित

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ अंतर्गत पर्यवेक्षक सेक्टर जोगनीपालीए बर्राए देवगढ़ए सिसरिंगा एवं लारीपानी के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार के निर्माण एवं वितरण हेतु इच्छुक महिला स्व.सहायता समूहों से अभिरूचि का प्रस्ताव 21 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में नियमए शर्तें एवं विस्तृत जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ एवं संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते है।

# सहायक वर्ग.3 एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर पद के लिए 26 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ के अंतर्गत सहायक वर्ग.3 एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु कलेक्टर दर पर भर्ती किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी 26 अगस्त शाम 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक ,स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ में भेज सकते है।

# राज्य शासन के 5000 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वच्छता मशाल रैली

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में राज्य शासन के 5000 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में आज हर ग्राम पंचायत में दीपक जलाकर यह उत्सव मनाया गया। स्वच्छ भारत मिशन के ओर से हर विकासखण्ड में स्वच्छता मशाल रिले निकाली गई। जो एक ग्राम पंचायत से निकलकर दूसरे ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड में पहुंची तथा जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाया गया। जिले के 9 विकासखण्डों रायगढ़, पुसौर, सारंगढ़, बरमकेला, खरसिया, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, तमनार तथा लैलूंगा में स्वच्छता मशाल रिले आयोजित की गई। इस मौके पर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। स्वच्छता मशाल रिले अलग-अलग रूट पर निकाला गया एवं विकासखण्डों के विभिन्न ग्राम पंचायतों को कव्हर किया गया। इस अवसर पर सारंगढ़ जनपद में विधायक श्रीमती केराबाई मनहर के समक्ष स्वच्छता की शपथ ली गई। इस मौके पर खुले में शौच सप्ताह मनाया गया एवं स्वच्छता संकल्प पत्र भरवाया गया।


# CAREER SCHOOL

Topper Students




Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.


# चक्रधरनगर एवं जूटमिल क्षेत्र में पकड़ी गई भारी मात्रा में शराब

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ के निर्देशन पर सम्पूर्ण जिले में संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग तथा होटल, लाज ढाबा, रेल्वे स्टेशनए बस स्टैंड आदि स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है साथ ही अगामी शुष्क दिवस के मद्देनजर शराब संग्रहण कर अवैध बिक्री करने की सम्भावना को देखते थाना प्रभारियों द्वारा अपने मुखबीरों को तैनात किया गया था, इसी क्रम में आज चौकी जूटमिल स्टाफ द्वारा विनोद यादव पिता किशन यादव 22 वर्ष निवासी कायाघाट रायग? के कब्जे से 20 पाव अंग्रेजी गोवा,12 पाव देश मदिरा मसाला,16 देशी मदिरा प्लेन कुल 48 पाव शराब विधिवत जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 -1 क,2,59 आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को रिमांड में भेजा गया है । वहीं एक अन्य घटना में थाना प्रभारी चक्रधरनगर उप निरीक्षक श्री अमित पाटले के दिशा निर्देशन पर जमुनाइंन चौक पर आज 04:00 बजे वासुदेव पटेल पिता हीरालाल पटेल उम्र 45 वर्ष निवासी डोमाडीह रायगढ के कब्जे से 7 पाव अंग्रेजी गोवा, 4 पाव देश मदिरा मसाला, 4 पाव देशी मदिरा प्लेन विधिवत जब्त कर किया गया तथा 04:30 बजे पुनः नरेश मिरी पिता लिज्जूराम मिरी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बोन्दा थाना पुसौर को 22 पाव देशी प्लेन मदिरा के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में क्रमश रू धारा 34,1-क आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। अगामी स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी चक्रधर समारोह को लेकर पुलिस अतिरक्त सतर्कता बरत रही है। प्रतिदिन होटलए लॉज और धर्मशाला आदि की चेकिंग कर आने-जाने वाले लोगों का रिकॉर्ड चेक कर रही है। इसके अलावा संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके यहां ठहरने वाले हर मुसाफिर से पहचान पत्र की छायाप्रति लेने के साथ रिकॉर्ड रखा जाए। साथ ही होटल, लॉज,धर्मशाला पेट्रोल पंप, ढाबा जैसे सार्वजनिक स्थलों के संचालकों को सीसीटीवी लगाने के निर्देश भी दिए गए, कई जगह लगाए भी गए हैं । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि यह अभियान अग्रिम आदेश तक निरंतर जारी रहेगा ।




स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाए
कैरियर स्कूल
स्टेडियम के पीछे , रायगढ़ , छ0ग0

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां




शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।
आवश्यकता है

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर,
तमनार, घरघोड़ा,
धरमजयगढ़,पत्थलगांव
लुड़ेग,कांसाबेल,कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी
देना है, तत्काल संपर्क करें
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ , छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड —
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
Our Vt.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931